प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व एमएसएमई दिवस पर आज यूथ अड्डा मंच और सीएम युवा मोबाइल ऐप का किया शुभारम्भ : कहा– देश को अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने के लिये उत्तर प्रदेश ने उठाये हैं महत्वपूर्ण कदम।
2. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वाराणसी में आपातकाल से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का किया अवलोकन : कहा– सत्ता बचाने के लिये लगाया गया था आपातकाल।
3. मोहर्रम का महीना आज से हुआ शुरू : प्रदेशभर में सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम।

और

4. मॉनसून की सक्रियता के बीच कई जगहों पर शुष्क मौसम ने किया परेशान : मौसम विभाग के मुताबिक कल से बढ़ेगी बारिश की तीव्रता।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में आयोजित एक समारोह में कई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ किया। श्री योगी ने यूथ अड्डा मंच, सीएम युवा मोबाइल ऐप का शुभारंभ और बरेली व मुरादाबाद के लिये 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी

सीएफसी परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश को अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं, जिनमें सभी जातियों और समुदायों के लोग शामिल हैं। बाइट.....

*प्रदेश के अंदर एमएसएमई सेक्टर की जो संभावनाएं है ये देश के अंदर सबसे ज्यादा है। शेयर की देश से देखेंगे चौदह फीसदी एमएसएमई उप के पास संख्या की दृश्य से देखेंगे लगभग नब्बे लाख से ऊपर है और उत्तर प्रदेश पहला राज्य है जिसने अपनी एमएसएमई यूनिट को एक सुरक्षा कवच भी दिया है। पाँच लाख रुपए का सुरक्षा कवच रजिस्ट्रेशन कराने मात्र भर से उसे प्राप्त हो जाता है।*

मुख्यमंत्री ने बताया कि सीएम युवा ऐप सभी समुदायों के युवाओं को बिना किसी जातिगत भेदभाव के प्रशिक्षण, ऋण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम जिसमें किसी भी नौजवान को जिसका चयन एक प्रक्रिया के तहत होता है उसका प्रशिक्षण होता है। प्रशिक्षण के बाद वह कोई उद्यम स्थापित करना चाहता है तो पाँच लाख रुपए तक का ऋण गारंटी मुक्त है ब्याज मुक्त है और दस फीसदी का उसमें गवर्नमेंट की सब्सिडी भी दी जा रही है। यानी गवर्नमेंट का अनुदान भी उसे उपलब्ध कराया जा रहा है। क्या इनका चेहरा देख कर के ये योजना दी*

*गयी है क्या, क्या जाती देख कर के दी गयी है, क्या उसका क्षेत्र उसकी भाषा देख कर के दी गयी है, नहीं।*

**श्री योगी ने कहा कि आज ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल टड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा की।**

—————————

**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वाराणसी में नगर निगम के सामने शहीद पार्क में सूचना विभाग की ओर से लगाई गई आपातकाल से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने आपातकाल के दौर को याद करते हुए कहा कि केवल अपनी सत्ता बचाने के लिए आपातकाल का इस्तेमाल किया गया। बाइट....**

*वो काले दिन याद करके आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। अपनी सत्ता बचाने की चाहत में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया। औचित्य क्या था, कारण क्या था, न बाहर सुरक्षा को खतरा था, ना आंतरिक सुरक्षा को खतरा था। खतरा था तो केवल प्रधानमंत्री की कुर्सी पर खतरा था।*

**केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने झांसी में कहा कि 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण हो गये है। भारतीय इतिहास के पन्नों में यह**

एक ऐसा काला अध्याय है जो इतिहास से कभी मिटाया नहीं जा सकता।

——————

उपमुख्यमंत्री और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम को लेकर नई गाइड लाइन जारी की हैं। प्रदेशभर के पोस्टमार्टम हाउस मं नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब शव का पोस्टमार्टम अधिकतम चार घंटे में करना होगा, जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं, वहां सीएमओ दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस कार्य को कराएंगे, ताकि लोगों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े।

——————

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज कानपुर नगर में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने आपात काल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। बाइट...

*पचास साल पहले कांग्रेस ने इस देश में आपातकाल को थकने का काम किया था और कांग्रेस को छोड़ कर के संपूर्ण विपथ आपातकाल के खिलाफ लड़ाई लड़ा जेल गया और लंबे संघर्ष से कई महीने के संघर्ष के बाद इस देश को आपातकाल से मुक्ति मिली।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 जून को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

—————————

आज से मोहर्रम का महीना शुरू हो गया है। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत यौम ए आशूरा छह जुलाई को मनाया जाएगा। आज से नौ दिवसीय मजलिसों का दौर शुरू हो गया। सुन्नी समुदाय शहीदों की याद में

जलसों का आयोजन कर रहा है। प्रदेश में मोहर्रम को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये हैं। राजधानी लखनऊ में मोहर्रम क्षेत्र को पांच जोन, 18 सेक्टर में बांटा गया है। मोहर्रम के दौरान किसी प्रकार की दुर्व्यवस्था ना हो, इसके लिए पुलिसकर्मियों को चिन्हित स्थानों पर तैनात किया गया है।

—————————

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध वार्षिक रथ यात्रा आज से शुरू हो गई। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भी आज भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया गया। राजधानी लखनऊ के पश्चिमी क्षेत्र में रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वाराणसी में भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ भगवान के रथ को खींचकर यात्रा की शुरुआत की।

—————————

केंद्र सरकार ने दिव्यांगजनों और बुजुर्ग नागरिकों की सुविधा के लिए सुगम्य भारत ऐप को नया रूप दिया है। उन्नत सुविधाओं में उपयोगकर्ताओं को कम समय में सहायता करने के लिए एआई संचालित चटबॉट और विकलांग व्यक्तियों के लिए सरकारी योजनाओं और अन्य मूल्यवान संसाधनों का एकीकरण शामिल है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 2021 में इस ऐप को लॉन्च किया था।

———————

प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के ग्रीष्मकालीन संगीत एवं कला अभिरूचि कार्यशाला–2025 का समापन तथा राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह का पुनः लोकार्पण किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रेक्षागृह को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ भव्य रूप देकर फिर से उद्‌घाटन किया गया है।

———————

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद–आई.सी.सी.ने ट्‌वेंटी–ट्‌वेंटी मैचों के लिए नए पावर–प्ले नियमों की घोषणा की है। अगले महीने से प्रभावी होने वाले नए नियमों के अनुसार, बारिश, खराब रोशनी या अन्य कारणों से आठ ओवर तक के मैच में अब पावर–प्ले 2 ओवर और दो गेंद का होगा और 30 गज के घेरे के बाहर केवल दो खिलाडो मौजूद रह सकेंगे। इसी तरह, पांच ओवर की पारी के लिए डेढ़ ओवर पावर–प्ले के होंगे। 10 ओवर की पारी में तीन ओवर और 15 ओवर की पारी के लिए साढ़े चार ओवर पावर–प्ले के निर्धारित किए गए हैं।

———————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता के बीच कई जगहों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। हालांकि कल से इसमें तेजी आएगी। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक

अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कल से प्रदेश में बारिश की तोव्रता तेज हो जाएगी और कई जगहों पर मध्यम से भारी वर्षा का पूर्वानुमान है। बाइट.....

*अभी जो बंगाल की खाड़ी में बना हुआ कम दबाव का क्षेत्र था वो धीरेधीरे कमजोर पड़ गया है और उसके कमज़ोर पड़ने के साथ ही ये जो सीजनल ट्रफ है ये उत्तरी दिशा में आगे बढ़ेगी और इसके उत्तरी दिशा में आगे बढ़ने के साथ ही कल यानी की अट्ठाईस जून से प्रदेश में वर्षा में बढ़ोतरी होना शुरू हो जाएगी।*

(समाप्त)